## एक नजर में

### अनोखीलाल खाती का निधन

**पडाना 05 फरवरी, सं.**



नगर के पीपली चौराहे के समीप खाती मोहल्ले में निवासरत 70 वर्षीय अनोखीलाल खाती का बुधवार रात 10 बजे निधन हो गया. जिनकी शव यात्रा निज निवास से निकलते हुए सार्वजनिक मुक्ति धाम ले जाया गया. इस दौरान शव यात्रा में समाजजन परिजन रिश्तेदार पड़ोसी व ग्रामीणों ने पहुंचकर शव यात्रा में शामिल होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की. वही उनके पुत्र विष्णु प्रसाद एवं जसमत खाती व परिजनों ने मुखाग्नि दी.

### करियर मेले का आयोजन

**पडाना 05 फरवरी, सं.** शासकीय हाई स्कूल मगराना में करियर मेले का आयोजन किया गया. जिसमें छात्रों को करियर से संबंधित मार्गदर्शन के रूप में सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मऊ काउंसलर लक्ष्मीनारायण सूर्यवंशी ने छात्रों को कम्युनिकेशन स्किल संचार कौशल, टेक्निकल स्किल, लीडरशिप स्किल, प्रोबलम सॉल्विंग स्किल जैसे नए अवसरों का लाभ उठाना, अपने क्षेत्र में अद्यतन रहना, टीम का नेतृत्व करना, चुनौतियों का सामना करना, अपने लक्ष्य को प्राप्त करना जैसे जीवन में चार स्किल का महत्व बताया. इस मौके पर हिंदी शिक्षक मनीष सेन ने छात्रों को जीवन में लक्ष्य निर्धारित करने की सलाह दी. इस अवसर पर प्राचार्य कुंदन कुमार वर्मा, भगवान सिंह मीणा, आर डी वंशकार, नरेंद्र सिंह राजपूत, मुकेश वैष्णव और अन्य शिक्षक एवं छात्र उपस्थित थे.

### कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम संचालित

**राजगढ़ 05 फरवरी, का.** जिला संयोजक अनुसूचित जाति कल्यालण विभाग सुश्री निशा जैन द्वारा बताया गया कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य वर्ग के जिला स्तर पर अधिवक्ताओं एवं विधि पाठयक्रम में अध्यायनरत इच्छुक अभ्यानर्थी जो सिविल जज, कनिष्ठि श्रेणी की प्रारंभिक एवं मुख्यक परीक्षा की तैयारी करना चाहते है के लिए मध्या जनवरी 2026 से एक क्षमता निर्माण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा हैं. जिसकी गूगल लिंक पर इच्छुक अधिकाधिक अभ्यर्थी उक्त. कार्यक्रम में भागीदारी कर लाभ ले सकते हैं.

### पशुपालन मत्स्य विभाग की समीक्षा बैठक

**राजगढ़ 05 फरवरी, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में पशुपालन विभाग एवं मत्स्य विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई. बैठक में विभागों के कर्मचारियों की जानकारी ली गई तथा सार्थक ऐप के माध्यम से फील्ड स्टाफ की उपस्थिति अनिवार्य करने के निर्देश दिए गए. माइक्रो इरिगेशन योजनाओं में निर्धारित लक्ष्य एवं लक्ष्य-पूर्ति की समीक्षा की गई. अनुदान राशि के वितरण की स्थिति कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने स्वयं पोर्टल में लॉगिन कर जांची. मत्स्य विभाग में फरवरी माह तक कार्यों को शत प्रतिशत पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए गए.

# सीधे थाने पहुंचकर जमा करेंगे परीक्षा सामग्री

## बोर्ड परीक्षा कक्षा 10 एवं 12 हेतु परीक्षा सामग्री का वितरण आज

**राजगढ़ स्थित शा. उत्कृष्ट विद्यालय में आज होगा परीक्षा सामग्री का वितरण**

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा/राजगढ़ 05 फरवरी, का. इसी फरवरी माह में प्रारंभ होने वाली बोर्ड परीक्षा कक्षा 10 एवं 12 वीं के लिए आज 6 फरवरी को परीक्षा सामग्री का वितरण जिला मुख्यालय राजगढ़ पर किया जाएगा.**

आज प्रात: 11 बजे से राजगढ़ स्थित शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में बोर्ड परीक्षा सामग्री का वितरण होगा. जिसमें उत्तर पुस्तिका, गोपनीय सामग्री संबंधित केन्द्राध्यक्षों को प्रदान की जाएगी. यहां से केन्द्राध्यक्ष बोर्ड सामग्री लेकर सीधे अपने-अपने परीक्षा केन्द्र स्थित संबंधित थाने पहुंचेंगे और वहां पर परीक्षा सामग्री जमा की जाएगी. तत्पश्चात जिस दिन जिस विषय का प्रश्न पत्र होगा उसी दिन उस विषय की सामग्री थाने से केन्द्राध्यक्ष द्वारा लायी जाएगी.

फरवरी माह में ही बोर्ड परीक्षा कक्षा 10 एवं 12 वीं की परीक्षाएं प्रारंभ होगी. इस बार एक केन्द्र बड़ा है, जिले में 63 केन्द्रों पर परीक्षाएं संचालित होंगी. कक्षा 10 वीं में 20 हजार 19 परीक्षार्थी तथा कक्षा 12 वीं में 14 हजार 847 परीक्षार्थी शामिल होंगे. अति संवेदनशील एवं संवेदनशील केन्द्रों पर नकल रोकने पैनी नजर रहेगी. प्रशासन द्वारा अधिकृत उडनदस्ते के अतिरिक्त किसी को भी परीक्षा केन्द्र के भीतर प्रवेश की अनुमति नहीं होगी. परीक्षा केन्द्रों पर प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा. विशेष बात यह है कि प्रत्येक अति संवेदनशील एवं संवेदनशील केन्द्र पर पर्यवेक्षक तैनात रहेंगे.




**परीक्षा केन्द्रों पर निगरानी रखेंगे उड़न दस्ते**

प्रशासन की और से तहसील स्तर पर एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार तथा विभागीय स्तर पर डीईओ, बीईओ, डीपीसी, डाइट प्राचार्य, एडीपीसी सहित अन्य विभागों के अधिकारी शामिल होंगे. जिनके द्वारा सतत् रुप से परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचकर निरीक्षण किया जाएगा.

**फरवरी के पहले पखवाड़े में शुरू होंगी परीक्षाएं**

फरवरी माह के पहले पखवाड़े में ही बोर्ड परीक्षाएं प्रारंभ होगी. जानकारी के अनुसार कक्षा 12 वीं की परीक्षा 10 फरवरी से प्रारंभ होगी. जबकि कक्षा 10 वीं की परीक्षाएं 11 फरवरी से शुरु होगी. जिले में 63 केन्द्रों पर परीक्षाएं संचालि होगी. संवेदनशील एवं अति संवेदनशील केन्द्रों पर बोर्ड के आदेशानुसार जिला प्रशासन द्वारा पर्यवेक्षक नियुक्त किए जाएंगे.

**जिले में 5 अति संवेदनशील एवं 8 संवेदनशील केन्द्र**

कक्षा 10 एवं 12 वीं बोर्ड परीक्षाओं के सुचारु संचालन हेतु 63 परीक्षा केन्द्र बनाए गये है. संवेदनशील केन्द्रों पर विशेष तौर पर पर्यवेक्षक तैनात रहेंगे. जिले में अति संवेदनशील केन्द्रों में शासकीय हाईस्कूल राजगढ़ रोड ब्यावरा, शा. मॉडल उमावि खिलचीपुर, शा. कन्या उमावि राजगढ़, शा. मॉडल उमावि सारंगपुर, हिन्द कॉन्वेंट नरसिंहगढ़ तथा संवेदनशील केन्द्रों में शा. बालक उमावि मलावर, शा. उमावि लखनवास, शा. उमावि पपडेल, शा. बालक उमावि खिलचीपुर, शा. उमावि करनवास, शा.उमावि माचलपुर, शा.उमावि कुरावर, शा. बालक उमावि बोड़ा शामिल है. संवेदनशील एवं अति संवेदनशील केन्द्रों पर बोर्ड के आदेशानुसार जिला प्रशासन द्वारा पर्यवेक्षक नियुक्त किए जाएंगे. जिनमें सेवानिवृत्त कॉलेज के प्रोफेसर या फिर रिटायर्ड प्राचार्य भी शामिल हो सकते है. इस बार जीरापुर ब्लॉक के रामगढ़ में नवीन केन्द्र बनाया गया है.

कक्षा 10 एवं 12 वीं बोर्ड परीक्षा हेतु परीक्षा सामग्री का वितरण आज राजगढ़ स्थित उत्कृष्ट विद्यालय में किया जाएगा. जिले के 63 केन्द्रों पर सुचारु रुप से परीक्षाएं संचालित की जाएगी.

**करण सिंह भिलाला**
**जिला शिक्षा अधिकारी, राजगढ़**

# मालगाड़ी देखते ही उत्साहित हुए आमजन

**नवनिर्मित रेलवे स्टेशन के समीप निर्माण कार्य का सामान लेकर आई मालगाड़ी**



**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 05 फरवरी, का.** रामगंज मंडी-भोपाल रेल लाइन का कार्य व्यापक स्तर पर जारी है, इसी बीच गुरुवार को पहली बार राजगढ़ नगर की सीमा में ट्रेक पर मालगाड़ी दौड़ती आयी. मालगाड़ी को देखकर ही आमजन प्रफुल्लित हो गया. जल्द ही राजगढ़ स्टेशन तक रेलवे ट्रेक का परिक्षण करती हुई सवारी गाड़ी आयेगी. आज राजगढ़ के नवनिर्मित रेलवे स्टेशन से कुछ ही दूरी तक मालगाड़ी पहुंची. इस मालगाड़ी के से रेल लाइन निर्माण कार्य का सामान लाया गया. नागरिकों का गुरुवार को उस समय उत्साहित वातावरण बन गया जब दोपहर करीब 1.30 बजे एक मालगाड़ी नगर की हेडगवार कॉलोनी पाटन रोड के समीप स्टेशन से करीब 400 मीटर की दूरी तक आ पहुंची. रेल पटरी व अन्य निर्माण सामग्री लेकर हॉर्न बजाती हुई खुजनेर रोड पर राजगढ़ की सीमा में प्रवेश कर गई. इसके पूर्व खिलचीपुर और राजगढ़ के बीच मनोहरपुरा के फूलखेड़ी तक मालगाड़ी आयी थी.

**इस माह के अंतिम पड़ाव में हो सकता है ट्रॉयल रन**

करीब छ: माह पूर्व घाटोली से खिलचीपुर तक ट्रॉयल रन करते हुए ट्रेन को लाया गया था. विश्वसनीय सूत्रो के अनुसार इसी फरवरी माह के अंतिम दिनों में राजगढ़ तक ट्रेन का ट्रॉयल रन प्रस्तावित है. वर्तमान में पटरी बिछाने, विद्युतीकरण आदि का कार्य जारी है.

गौरतलब है कि रामगंज मंडी-भोपाल रेल लाईन को लेकर आमजन में काफी उत्सुकता है. उसी अनुरुप रेल लाईन का कार्य भी व्यापक स्तर पर चल रहा है. रामगंज मंडी - भोपाल रेल लाईन के चालू होने से आवागमन को लेकर काफी सुविधा आमजन को होगी. क्षेत्र के भोपाल, राजस्थान से सीधे रेल सुविधा से जुड़ने पर व्यापारिक, शैक्षणिक दृष्टि से भी यह काफी सुविधाजनक होगा.



# महाशिवरात्रि पर सजेंगे भगवान शिव के धाम

## नगर के अंजनीलाल धाम पर होगी भजन संध्या

**जिले भर में होंगे धार्मिक आयोजन, राजगढ़ के खोयरी धाम पर पांच दिवसीय आयोजन**

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 05 फरवरी, का. महाशिवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर 15 फरवरी को जिले भर में प्राचीन शिवालयों, शिव मंदिरों में धार्मिक आयोजन होंगे. आकर्षक श्रृंगार, भजन संध्या, अनुष्ठान के आयोजन होंगे.**

राजगढ़ के खोयरी धाम स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबा बैजनाथ महादेव मंदिर पर पांच दिवसीय महाशिवरात्रि पर्व का भव्य आयोजन किया जाएगा. पांच दिवसीय कार्यक्रम 11 फरवरी से प्रारंभ होंगे. इस दिन बाबा बैजनाथ का विशेष श्रृंगार तथा पूजन अर्चन किया जाएगा. 12 फरवरी को हल्दी, मेहंदी, केसर लेपन एवं धोली कलश लाये जाएंगे. 13 फरवरी को भजन कीर्तन, रुद्राभिषेक पूजन, 14 फरवरी को अखंड महामृत्युंजय जाप, विल्वपत्र भांग, केसर, चंदन से महारुद्र अभिषेक होगा. महाशिवरात्रि पर्व के लिए विशेष तैयारियां की जा रही है. इसी प्रकार नरसिंहगढ़ स्थित बड़े एवं छोटे महादेव मंदिर, शिवालयों, शिव मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान होंगे. यहां महाशिवरात्रि पर हजारों की संख्या में जिले एवं दूर-दराज से श्रद्धालुजन पहुंचेंगे.

**अंजनीलाल धाम पर होगी भजन संध्या** - ब्यावरा में श्री अंजनीलाल मंदिर धाम स्थित भगवान श्री द्वादश ज्योंर्तिलिंगेश्वर महादेव के दरबार में धार्मिक अनुष्ठान, महाआरती, भजन संध्या का आयोजन होगा. आकर्षक श्रृंगार के साथ महाशिवरात्रि पर सुबह प्रात: 6 बजे से सामुहिक रुद्राभिषेक शुरु होगा. शाम को 7 बजे महाआरती के बाद भजन संध्या का आयोजन होगा. इसी प्रकार प्राचीन शिवालयों, शिव मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान होंगे.

### टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन




**सुठालिया 05 फरवरी, सं.** नगर में गत 28 जनवरी से पीलाखाल खेल मेदान पर आयोजित पूर्व सरपंच एवं कांग्रेस नेता स्व. सर्जन सिंह पंवार की स्मृति में भगवान सिंह पंवार के संरक्षण में आयोजित टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का गुरुवार को समापन हुआ. प्रतियोगिता में पचोर ब्यावरा मधुसूदनगढ़ लेटेरी सिरोंज सहित कुल 32 टीमो ने भाग लिया. जीरापुर ने पहले खेलते हुए निर्धारित 12 ओवर में सात विकेट पर 139 रन बनाए. बेरसिया ने भी नो विकेट पर 139 रन बना लिए, मेंच टाई होने पर सुपर ओवर खेला गया. सुपर ओवर में बेरसिया ने मेंच जीता. बेरसिया के जावेद को मेंन आफ द फाइनल दिया गया. विजेता टीम को ट्राफी सहित 31111 रुपये और उप विजेता टीम को 13333 रुपये का पुरस्कार जिपं अध्यक्ष चंदरसिंह, पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी ने दिया. इस अवसर पर मुख्य रूप से पं.उमेश मिश्रा हाजी अब्दुल गफ्फार खान श्याम पालीवाल नप अध्यक्ष प्रतिनिधि गिरिराज लोधी, मोहन लोधी, प्रदीप सिंह परमार, इकबाल खान, सुनील सरावत, धीरप सौंधिया मौजूद रहें.


# ओव्हर लोडिंग वाहनों से दुर्घटना का खतरा

## क्षमता से अधिक माल ले जाने वाले वाहनों से यातायात बाधित

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 05 फरवरी, का.** हाईवे, स्टेट हाइवे, चौराहों ही नहीं नगर के बीच मुख्य मार्गो से बेतरतीब तरीके से यातायात नियमों को ताक पर रखकर ओव्हर लोडिंग वाहनों को आते-जाते हुए देखा जा सकता है, क्षमता से कहीं अधिक माल ले जाते इन भारी वाहनों से यातायात बाधित होने के साथ ही दुर्घटना का खतरा बना रहता है.

उल्लेखनीय है कि कई ट्रक व अन्य भारी वाहनों में क्षमता से दोगुना माल लोड कर ले जाया जाता है. साथ ही ट्रक, पीकअप, ट्रेक्टर ट्रॉली आदि वाहनों में भूसा भरकर ले जाया जाता है, इतना अधिक माल भर लिया जाता है कि जब ये वाहन सड़क से गुजरते है तो आसपास काफी जगह घेर लेते है, इससे वाहन चालकों को परेशानी होकर दुर्घटना का डर बना रहता है. ऊपर की और भी इतना माल भर लिया जाता है कि इनके ऊपर से



गुजरने वाली विद्युत लाइन से टकराने का भी खतरा बना रहता है. बुधवार की शाम को ऐसा ही भूसे से भरा एक ट्रक सुठालिया बायपास से होकर गुना रोड होते हुए रेलवे तिराहे की और जा रहा था. नगर के बीच से होकर गुजर रहे इस वाहन के कारण यातायात बाधित होता रहा.

**बिजली के झूलते तारों से भी खतरा-** भूसा व अन्य सामान से लोड वाहन कई बार इतने अधिक ओव्हर लोड होते है कि ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइन के तारो में इनके उलझने का डर बना रहता है. साथ ही ओव्हरलोड के कारण आसपास से गुजरने वाले वाहन चालकों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है. कई बार ऐसे ओव्हर लोडिंग वाहनों के तार से टच होते ही आगजनी की घटनाएं हो

# बैजनाथ धाम में रंग-रोगन कार्य शुरू



**नवभारत न्यूज**

**नरसिंहगढ़ 05 फरवरी, सं.** महाशिवरात्रि पर्व को लेकर श्री बाबा बैजनाथ शासकीय देवस्थान प्रबंधन समिति द्वारा बैजनाथ धाम स्थित बड़ा महादेव मंदिर में रंग-रोगन एवं सौंदर्यीकरण का कार्य कराया जा रहा है. मंदिर परिसर को आकर्षक और भव्य स्वरूप देने के लिए दीवारों, गर्भगृह ,पार्वती माता मंदिर एवं नगार खाना के आसपास के हिस्सों में रंग-रोगन किया जा रहा है. देवस्थान प्रबंधन समिति के अनुसार महाशिवरात्रि पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के दर्शन हेतु आने की संभावना रहती है. इसी को ध्यान में रखते हुए मंदिर की साफ-सफाई, रंग-रोगन तथा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं. कार्य पूर्ण होने के बाद श्रद्धालुओं को स्वच्छ और सुन्दर वातावरण में भगवान शिव के दर्शन का लाभ मिलेगा. महाशिवरात्रि पर्व को लेकर मंदिर परिसर में तैयारियां अंतिम चरण में हैं, जिससे भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न हो.



# सूने घर से लाखों के आभूषण चोरी

## बस कंडक्टर के घर से लाखों के आभूषण, नगदी ले गये

**नवभारत न्यूज**

**सारंगपुर 05 फरवरी, सं.** ग्राम लीमा चौहान थानातंर्गत ग्राम काचरियाभाई में चोरों ने एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया है. बदमाशों ने एक बस कंडक्टर के सूने मकान को निशाना बनाते हुए वहां रखे करीब 7 लाख 25 हजार रुपए के सोने-चांदी के आभूषण, नकदी और कीमती सामान चुरा लिया. परिवार के सदस्य सारंगपुर गये हुए थे. जिसका फायदा उठाकर चोरों ने घर के ताले चटकाए और कीमती माल समेटकर फरार हो गए. पुलिस द्वारा सरगर्मी से आरोपियों की तलाश की जा रही है.

जानकारी के अनुसार सारंगपुर क्षेत्र के लीमा चौहान थानांतर्गत ग्राम काचरियाभाई में यह चोरी की घटना हुई. यहां रहने वाले बस कंडेक्टर दिनेश चौहान के मकान से अज्ञात बदमाश लाखों का सामान ले गये. चोरी की घटना का पता तब चला जब पड़ोस में रहने वाले अरविंद सिकरवार ने देखा कि घर का सामान बाहर अस्त-व्यस्त पड़ा है. इसकी तुरंत जानकारी मकान मालिक को दी. इस पर मकान मालिक आये . मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ था. अंदर अलमारियों का सामान फर्श पर पड़ा था. चोर यहां से आभूषण, नगदी ही नहीं चुराकर ले गये अपितु आवश्यक दस्तावेजों को भी फेंक गये. चोर करीब 7 लाख 25 हजार कीमत के आभूषण व नगदी चोरी कर ले गये.

**सारंगपुर गये थे परिजन** - जानकारी के अनुसार मकान मालिक का परिवार बीते करीब दस दिनों से सारंगपुर गया हुआ था. इसी का फायदा उठाकर बदमाशों ने चोरी की घटना को अंजाम दे दिया. मकान मालिक दिनेश चौहान ने पुलिस को बताया कि चोर अलमारी से करीब 4.5 लाख रुपए कीमत का 3 तौला सोना और 2.5 लाख रुपए कीमत की 1 किलो चांदी ले गए. 15 हजार रुपए नकद और 10 हजार रुपए की एलईडी टीवी भी ले गये.

**पुलिस कर रही सरगर्मी से तलाश** - जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे. बारीकि से जांच शुरु की. पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज कर संदिग्धों की तलाश शुरु कर दी है. जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा. थाना प्रभारी के अनुसार संदिग्धों की तलाश जारी है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा. उन्होंने अपील की है कि लंबे समय के लिए घर से बाहर जाते समय पड़ोसियों को सूचित करें और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति के दिखने पर तुरंत पुलिस को सूचना दे.

**ज्ञापन** ▶ **यूजीसी बिल कानून के समर्थन में भीम आर्मी का जोरदार प्रदर्शन, प्रशासन को सौंपा ज्ञापन**

# भीम आर्मी का ज्ञापन यूजीसी बिल कानून को जल्द करें लागू

**नवभारत न्यूज**

**सारंगपुर 05 फरवरी, सं. भीम आर्मी भारत एकता मिशन के कार्यकर्ताओं ने यूजीसी बिल कानून के समर्थन में प्रदर्शन कर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व राज्यपाल के नाम ज्ञापन एसडीएम रोहित बम्होरे को सौंपा. कार्यकर्ताओं ने इसे उच्च शिक्षा में समान अवसर और सामाजिक न्याय की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताते हुए शीघ्र लागू करने की मांग की.**

शहर मैं गुरुवार को एसडीएम कार्यालय परिसर में एकत्रित भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने हाथों में बैनर लेकर यूजीसी बिल कानून के समर्थन में नारेबाजी की.



प्रदर्शनकारियों का कहना था कि उच्च शिक्षा संस्थानों में लंबे समय से वंचित वर्गों को बराबरी का अवसर नहीं मिल पा रहा है. यूजीसी बिल कानून लागू होने से अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर तबकों के छात्रों को शिक्षा में समान भागीदारी मिलेगी और भेदभाव पर प्रभावी अंकुश लगेगा. कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि कुछ संगठन और स्वार्थी तत्व यूजीसी बिल को लेकर भ्रम फैलाकर छात्रों को गुमराह कर रहे हैं. इससे सामाजिक समरसता को ठेस पहुंच रही है. उन्होंने कहा कि यह कानून शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता बढ़ाने, अवसरों की समानता सुनिश्चित करने और संस्थानों में जवाबदेही तय करने में मददगार साबित होगा. प्रदर्शन के दौरान युवाओं ने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों का उल्लेख करते हुए शिक्षा को सामाजिक उत्थान का सबसे मजबूत माध्यम बताया. ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन से मांग की गई कि यूजीसी बिल कानून को बिना किसी देरी के प्रभावी किया जाए और यदि किसी स्तर पर विरोध या अड़चन है तो सरकार छात्रों के हित में स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करे.

कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि वंचित वर्गों के अधिकारों की अनदेखी हुई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा. ज्ञापन देने वालो मैं प्रमुख रूप से दीपक वाल्मीकि भीम आर्मी प्रदेश महासचिव मध्य प्रदेश, मनोज वालेंटियर, अजय अहिरवार संभाग उपाध्यक्ष अर्पित राज सारंगपुर पूर्व संभाग महासचिव भोपाल मुकेश मालवीय सचिव अंबाराम बौद्ध जिला उपाअध्यक्ष गोकुल मालवीय जिला संरक्षक मनोज मालवीय धर्मेंद्र माण्डले सहित समाजजन मौजूद थे.